**माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2025 के औपबंधिक उत्तर कुंजी पर आपत्ति दर्ज किये जाने हेतु भुगतान किये गये अतिरिक्त शुल्क की वापसी के संबंध में।**

समिति की विज्ञप्ति सं0 PR 294/2025 के क्रम में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2025 में सम्मिलित अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति की विज्ञप्ति सं0 PR 302/2025 के माध्यम से उक्त परीक्षा के औपबंधिक उत्तर कुंजी पर आपत्ति दर्ज किये जाने हेतु, दिनांक 28.11.2025 तक की अंतिम तिथि निर्धारित करते हुए, प्रति प्रश्न 50रू0 तथा पाँच से अधिक प्रश्नों के लिए अधिकतम 250रू0 का ही शुल्क लिये जाने की व्यवस्था दिनांक 27.11.2025 से लागू की गई थी। अर्थात अभ्यर्थी द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2025 की औपबंधिक उत्तर कुंजी में प्रति प्रश्न 50रू0 का शुल्क भुगतान करना है तथा पाँच से अधिक प्रश्नों पर आपत्ति दर्ज किये जाने कि स्थिति में मात्र 250रू0 का भुगतान करना है, उससे अधिक नहीं। सम्प्रति पाँच से अधिक प्रश्नों के उत्तर पर आपत्ति हेतु अधिकतम 250रू0 का शुल्क प्राप्त किये जाने की व्यवस्था तकनीकी कारणों से प्रभावी नहीं हो पायी है। अतएव अभ्यर्थी पुरानी व्यवस्था के अनुरूप ही अर्थात प्रति प्रश्न 50रू0 का शुल्क भुगतान कर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इस क्रम में जिन अभ्यर्थियों के द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2025 की औपबंधिक उत्तर कुंजी में दिनांक–24.11.2025 से 28.11.2025 तक की अवधि में पाँच से अधिक प्रश्नों पर आपत्ति दर्ज करने हेतु शुल्क के रूप में 250रू0 से अधिक की राशि का भुगतान किया गया होगा, उन सभी अभ्यर्थियों को 250रू0 से अधिक जमा की गयी अतिरिक्त राशि दिसम्बर माह में वापस कर दी जायेगी।